**निगरानी** ▶ असामाजिक गतिविधियां बढ़ने के कारण नगर परिषद ने प्रमुख चौराहों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे

# राजनगर को सुरक्षित व स्मार्ट बनाना प्राथमिकता : सिंह

**अनूपपुर, नवभारत 9 नवंबर।** नगर की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अपराधों पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से नगर परिषद राजनगर ने सराहनीय कदम उठाया है। परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह के नेतृत्व में नगर के प्रमुख चौक-चौराहों, मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

इस पहल से नगर में सुरक्षा का माहौल बेहतर हुआ है और नागरिकों में विश्वास की भावना मजबूत हुई है। नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह ने बताया कि हाल के दिनों में चोरी और असामाजिक गतिविधियों की घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए नगर परिषद ने पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी निगरानी में लाने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि राजनगर को सुरक्षित और स्मार्ट नगर बनाना हमारी प्राथमिकता है। सीसीटीवी कैमरे इस दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत हैं।




### कैमरों के लगने से जांच प्रक्रिया आसान होगी : कौशिक

इस अभियान की रूपरेखा तैयार करने के लिए नगर परिषद ने रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक और नगर परिषद अधिकारी राममिलन तिवारी के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक में यह तय किया गया कि जिन क्षेत्रों में असामाजिक गतिविधियां अधिक होती हैं या जहां भीड़भाड़ रहती है, वहां कैमरे प्राथमिकता से लगाए जाएं। थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि कैमरों के लगने से पुलिस की जांच प्रक्रिया आसान होगी। उन्होंने कहा कि अब किसी भी घटना के तुरंत बाद फुटेज देखकर अपराधियों की पहचान की जा सकेगी।

### चौबीसों घंटे रखी जा रही निगरानी

नगर परिषद ने पहले चरण में बस स्टैंड चौक, थाना रोड, वार्ड नंबर 5 (सब एरिया ऑफिस के सामने), बाजार क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे नगर परिषद के नियंत्रण कक्ष से सीधे जुड़े हैं, जहां चौबीसों घंटे निगरानी रखी जा रही है। नगर परिषद अधिकारी राममिलन तिवारी ने बताया कि यह पहल केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक आयोजनों और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी।

### सीसीटीवी प्रणाली को स्मार्ट सर्वर सिस्टम से जोड़ा जाएगा

अध्यक्ष यशवंत सिंह ने बताया कि आगामी चरण में सीसीटीवी प्रणाली को स्मार्ट सर्वर सिस्टम से जोड़ा जाएगा, जिससे पुलिस मुख्यालय को भी फुटेज की सीधी पहुंच मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल केवल तकनीकी नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का भी प्रतीक है। जब नगर सुरक्षित होगा, तभी विकास संभव है। नगर में बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नागरिकों ने इसे सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है।



# अनियंत्रित ट्रक पलटा, बड़ा हादसा टला

▶ गोविंदा रेलवे साइडिंग की घटना

**कोतमा नवभारत 9 नवंबर।** कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के आमाडाड से भालूमाड़ा होते हुए गोविंदा रेलवे साइडिंग में शनिवार सुबह करीब 9 बजे एक बड़ा हादसा टल गया।

नीलकंठ कंपनी का एक ट्रक, जो आमाडांड ओसीपी खदान से मिट्टी लेकर लौट रहा था, अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के बीचोंबीच पलट गया। हादसा इतना भयावह था कि कुछ ही सेकंड में बड़ी दुर्घटना हो सकती थी, लेकिन स्थानीय लोगों और राहगीरों की सूझबूझ से सभी की जान बच गई।

### घटना के बाद मची अफरा-तफरी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक आमाडांड ओसीपी से भालूमाड़ा होकर मिट्टी लेकर गोविंदा रेलवे साइडिंग की ओर आ रहा था, तभी अचानक नियंत्रण खो बैठा और पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक आमाडांड ओसीपी से मिट्टी लेकर गोविंदा रेलवे साइडिंग की ओर आ रहा था, तभी अचानक नियंत्रण खो बैठा और पलट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



# साहसी युवाओं की हैं जरूरत : न्यायाधीश दुबे

▶ विधिक सेवा सप्ताह प्रारंभ, मैराथन दौड़ में युवाओं एवं बच्चों ने उत्साह के साथ लिया भाग

**कोतमा नवभारत 9 नवंबर।** न्यायालय परिसर कोतमा में विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ मैराथन दौड़ के साथ किया गया। इस आयोजन की शुरुआत तहसील विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष एवं प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर की।

कार्यक्रम में विक्रम सिंह प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अरविंद कुमार बरला प्रथम व्यवहार न्यायाधीश उच्च खंडपीठ, अमनदीप सिंह छाबड़ा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिवक्ता उपेंद्र सिंह, बार काउंसिल अध्यक्ष राजेश सोनी, सुशील पांडे पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता संघ शिशुपाल पांडे, शैलेंद्र सराफ, राजेश शर्मा आनंद सिंह, आरके मिश्रा खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय शामिल थे।

### सैकड़ों प्रतिभागी हुए शामिल

मैराथन में सैकड़ो प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ नागरिकों ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया। संबोधन के दौरान न्यायाधीश गंगा चरण दुबे ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि देश को आज चरित्रवान, साहसी और दृढ़ इच्छाशक्ति वाले युवाओं की आवश्यकता है। यह एक कार्यक्रम के बारे में जानकारी देने वाला एक संदेश है, जिसमें विधिक सेवा सप्ताह के आयोजन के बारे में बताया गया है।

# पूजा जैन ने परिवार का नाम किया रोशन

▶ कठिन परिश्रम और लगन के दम पर बनीं डीएसपी

**कोतमा नवभारत 9 नवंबर।** वार्ड क्रमांक 1 निवासी राजकुमार जैन के परिवार में हर्ष का वातावरण है। उनकी पुत्र वधू श्रेयांश जैन की पत्नी पूजा जैन, जो पूर्व से ही जिला शिक्षा अधिकारी के पद पर आसीन थी, ने एक और उपलब्धि हासिल करते हुए उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) के पद पर चयनित हुई हैं।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि पूजा जैन शाहगढ़ की निवासी हैं, जिनका विवाह कोतमा के श्रेयांश जैन के साथ हुआ है। पूजा ने कठिन परिश्रम



और लगन के दम पर यह सफलता हासिल की है। उनके चयन की जानकारी मिलते ही सोशल मीडिया के माध्यम से बधाइयों का सिलसिला शुरू हो गया।

### यह उपलब्धि वार्ड के लिए गौरव की बात

क्षेत्रवासियों ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे वार्ड के लिए गौरव का विषय है। सभी ने पूजा जैन को उज्वल भविष्य एवं सफल प्रशासनिक कार्यकाल के लिए ढेरों शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। कोतमा जैन समाज के सभी लोगों ने बधाई देते हुए बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना की।



# घर-घर वितरित किए जा रहे गणना पत्रक

▶ जिले में एसआईआर प्रक्रिया शुरू

**अनूपपुर, नवभारत 9 नवंबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने का कार्य जारी है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षल पंचोली के निर्देशन में जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और दो प्रतियों में तैयार गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं। एसआईआर अभियान को प्रभावी बनाने के लिए जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। अधिकारी बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान कर रहे हैं तथा मतदाताओं को गणना पत्रक सही ढंग से भरने हेतु प्रेरित भी कर रहे हैं।

### प्रक्रिया को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा

निर्वाचन आयोग द्वारा इस विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया को तीन चरणों में संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक घर-घर जाकर गणना पत्रक भरने एवं सत्यापन का कार्य किया जाएगा। द्वितीय चरण में 9 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, जिस पर 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ आमंत्रित की जाएंगी। तृतीय चरण में सुनवाई एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया 31 जनवरी तक पूर्ण की जाएगी तथा 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

## एक नजर में



### जर्जर सड़क पर जमा पानी की हुई निकासी

**अनूपपुर, नवभारत।** नगर परिषद डोला ने क्षेत्र के नागरिकों को लंबे समय से परेशान कर रही जर्जर सड़कों और पानी निकासी की समस्या से राहत दिलाने के लिए एक सराहनीय कदम उठाया है। बारिश के बाद सड़कों पर पानी भर जाने और कीचड़ के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। कई बार शिकायतें दर्ज होने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकल पा रहा था, जिससे आमजन में नाराजगी थी, लेकिन इस बार नगर परिषद डोला ने जनता की समस्या को गंभीरता से लेते हुए सड़क पर पानी जमाव की समस्या का स्थायी समाधान किया है। परिषद ने सड़क के नीचे से पाइप लाइन बिछाने का कार्य प्रारंभ किया, जिससे सड़क पर जमा पानी सीधे नालियों तक पहुंच सके। साथ ही, बड़े गड्ढों को गिट्टी डालकर समतल किया गया। **गड्ढों में तब्दील सड़क की मरम्मत की गई**-एसईसीएल क्षेत्र की वह सड़क, जो पहले मरम्मत के कुछ ही दिनों बाद फिर गड्ढों में बदल गई थी, अब इस सुधार कार्य के बाद मजबूत और उपयोगी हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस लेते हुए नगर परिषद के इस कदम की सराहना की है। लोगों का कहना है कि अब सड़क पर न तो कीचड़ रहेगा और न ही पानी का जमाव होगा। साथ ही, घरों में पानी घुसने की समस्या से भी छुटकारा मिलेगा।




### न्याय की पहुंच जन-जन तक हों : न्यायाधीश

**अनूपपुर, नवभारत 9 नवंबर।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर माया विश्वलाल के निर्देशन में 9 से 14 नवम्बर तक न्यायोत्सव: विधिक सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को सप्ताह का शुभारंभ मैराथन दौड़ के आयोजन से हुआ। इस अवसर पर न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारी, अधिवक्ता, पैरालीगल वालंटियर्स, लीगल एड डिफेंस काउंसिल के अधिवक्ता, तुलसी महाविद्यालय, संस्कार लॉ कॉलेज, उत्कृष्ट विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय के छात्र-छात्राएं, एनजीओ तथा स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मैराथन दौड़ को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि विधिक सेवा सप्ताह का उद्देश्य विधिक योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक न्याय की सहज पहुंच सुनिश्चित करना है।

# हाथी का उत्पात जारी, कृषि उपकरण तोड़े

**चार दिनों से धनगवां में डेरा, ग्रामीण कर रहे रतजगा**

**अनूपपुर, नवभारत 9 नवंबर।** जिले में हाथी के आतंक से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। चार दिन पहले छत्तीसगढ़ से आया एक अकेला हाथी इन दिनों जिले के जैतहरी तहसील के धनगवां बीट के जंगल में डेरा डाले हुए है। यह हाथी रात के समय पास के गांवों चोई, कुकुरगोंड़ा, क्योटार और पड़रिया में पहुंचकर खेतों में लगी धान की फसलों को रौंद रहा है और खाकर नुकसान पहुंचा रहा है।

बीती रात हाथी ने चोई गांव के एक किसान के घर की दीवार तोड़ दी और अंदर रखी सामग्री को नुकसान पहुंचाया। बताया गया है



कि उसने खेत में लगी सिंचाई पंप की मशीन, पाइप और अन्य कृषि उपकरणों को भी तोड़फोड़ दिया। स्थानीय किसानों में महगू सिंह, महालाल सिंह गोंड़, इलाबाई सिंह सहित कई ग्रामीणों की धान की फसलें हाथी के हमले से प्रभावित हुई हैं। लगातार नुकसान से ग्रामीण बेहद परेशान हैं और रातभर जागकर अपने खेतों व घरों की रखवाली कर रहे हैं।

### राजस्व विभाग ले रहा नुकसान का जायजा

शनिवार और रविवार की मध्यरात्रि हाथी का कहीं पता नहीं चला था, लेकिन रविवार की सुबह फिर से उसके धनगवां बीट के जंगल में होने की पुष्टि हुई। वन विभाग की टीम हाथी की गतिविधियों पर लगातार नजर रखे हुए है और ग्रामीणों से सुरक्षित दूरी बनाए रखने की अपील की जा रही है। हाथी द्वारा किए जा रहे नुकसान का जायजा राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा लिया जा रहा है।

# आत्महत्या को प्रेरित करने वाले गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 9 नवंबर।** भालूमाड़ा पुलिस ने आत्महत्या के लिए उत्प्रेरित करने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 दिसंबर 2024 को मृतिका नेहा केवट ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना मिलने पर भालूमाड़ा पुलिस मौके पर पहुँची और पंचनामा कार्यवाही के दौरान मृतिका द्वारा लिखा गया एक सुसाइड नोट बरामद किया गया था। जांच के दौरान मृतिका के परिजनों और साक्षियों के कथन लिए गए, जिसमें यह सामने आया कि मृतिका का पति बलराम केवट का कंचन चौधरी नामक युवती से अवैध संबंध था। इसी कारण मृतिका अपने पति और कंचन चौधरी से मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने को विवश हुई थी।



# साइबर क्राइम से बचाव के बताए उपाय

**अनूपपुर, नवभारत 9 नवंबर।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमुना कॉलरी दुर्गा पंडाल में आयोजित दंगल प्रतियोगिता के दौरान पुलिस विभाग द्वारा ऑपरेशन मुस्कान एवं साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी भालूमाड़ा उप निरीक्षक विपुल शुक्ला ने अपने पुलिस स्टाफ के साथ उपस्थित होकर लोगों को शासन द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत लापता बच्चों की खोज एवं पुनर्वास के प्रयासों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और नागरिकों को सतर्क रहने की अपील की।

### लिंक या संदेश पर तुरंत विश्वास नही करें

कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधिकारियों ने बताया कि किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या संदेश पर तुरंत विश्वास नही करें और किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में संपर्क करें।

**योग सम्मेलन** ▶ दूसरे दिन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक कार्यक्रमों की रही धूम, वार्षिक पत्रिका योगामृत का विमोचन

# साधना व गुरु के प्रति श्रद्धा ही जीवन को बनाती है सार्थक : गुरु माता

**अनूपपुर, नवभारत 9 नवंबर।** श्री श्यामा चरण संघ के तत्वावधान में चल रहे अखिल भारतीय क्रिया योग सम्मेलन के द्वितीय दिवस विविध धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ श्रद्धा और भक्ति का समागम देखने को मिला।

मेला मैदान स्थित विशाल सभा में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ आचार्य एवं पुरोहितों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन, आरती, रुद्राभिषेक तथा सुंदरकांड पाठ से किया गया। कार्यक्रम के दौरान योग गुरु पं. ज्ञानेश्वर नाथ तिवारी ने उपस्थित श्रद्धालुओं, अनुयायियों को गुरु परंपरा का संदेश और आशीर्वचन प्रदान किया। उन्होंने साधना और आत्मचिंतन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग जीवन को ईश्वर से जोड़ने की वह साधना है जो व्यक्ति को आंतरिक शांति प्रदान करती है। गुरु माता उषा तिवारी ने भी प्रेरक उद्बोधन देते हुए कहा कि भक्ति, साधना और गुरु के प्रति श्रद्धा ही जीवन को सार्थक बनाती है।




### लेख संकलन पुस्तक विमोचित

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में योगाचार्य अमरनाथ तिवारी महाराज द्वारा लिखित लेख संकलन पुस्तक एवं संस्था की वार्षिक पत्रिका योगामृत का विमोचन किया गया। विमोचन योग गुरु पं. ज्ञानेश्वर नाथ तिवारी और गुरु माता उषा तिवारी के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। संघ के सदस्य दिनेश अग्रवाल ने आयोजन की गतिविधियों की जानकारी दी।

### नृत्य नाटिका ने सभी का मन मोह लिया

संध्याकालीन सत्र में पंडितों एवं पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चारण और श्लोक पाठ के बीच ढोल, नगाड़ा, घंटी और शंख ध्वनि के साथ मनोहर आरती संपन्न हुई। बाहर से आए भक्त मंडल द्वारा प्रस्तुत नृत्य नाटिका ने सभी का मन मोह लिया। दर्शकों ने मुक्त कंठ से कलाकारों की सराहना की और वातावरण भक्तिमय हो उठा। प्रात:कालीन सत्र का शुभारंभ विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। दो बालिकाओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

### निकाली गई कलश यात्रा

इसके उपरांत विशाल कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से नर्मदा उद्गम मंदिर कुंड तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तगण भजन-कीर्तन करते हुए शामिल हुए। कलश यात्रा का समापन सभा हाल में पूजन-अर्चन और आरती के साथ हुआ। देश के विभिन्न राज्यों से आए महिला एवं पुरुष श्रद्धालु अमरकंटक के सौम्य वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत नजर आए तथा उन्होंने यहां के धार्मिक और पर्यटन स्थलों का भी दर्शन किया।